<u>समाचार</u>

# बालको क्षेत्र के निवासियों को मिली सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन की सौगात

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया लोकार्पण, 01 करोड़ 17 लाख 47 हजार रू. की लागत से बनाया गया है मंगल भवन, वार्ड क्र. 34 में 33 लाख 60 हजार रूपये की लागत से कराया गया डामरीकरण कार्य लोकार्पित)




कोरबा 13 नवम्बर 2020 —राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के हाथों बालको क्षेत्र के निवासियों को धनतेरस के शुभ अवसर पर सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन की सौगात प्राप्त हुई है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उक्त मंगल भवन को आमजनता की सेवा में समर्पित किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन कार्यालय के समीप 01 करोड़ 17 लाख 47 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण गुरूवार को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 34 बेलगरी बस्ती एवं लालघाट बस्ती में 33 लाख 60 हजार रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण भी राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्‍बोधन में बालकोनगर के नागरिकों को सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन की सौगात प्राप्त होने पर उन्हे अपनी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मंगल भवन इस क्षेत्र के मध्यम व गरीब वर्ग के लोगों को उनके पारिवारिक, सामाजिक कार्यक्रमों, शादी विवाह आदि के लिए न्यूनतम चार्ज के साथ प्राप्त हो सकेगा। उन्होने भवन के लोकार्पित होने की घोषणा करते हुए कहा कि मुझे अत्यंत खुशी है कि इस क्षेत्र के निवासियों की काफी पुरानी मांग को आज मूर्तरूप प्राप्त हो चुका है, उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र के विकास के साथ—साथ बालको क्षेत्र में भी व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए गए हैं। आमजनता की सुविधा हेतु जोन कार्यालय भवन का निर्माण तथा जोन कार्यालय के कर्मचारियों के आवासगृह, पाथवे, वार्ड बस्तियों में विकास, पेयजल की दीर्घकालीन व्यवस्था सहित विविध कार्य कराए गए हैं। उन्होने कहा कि जोन कार्यालय, मंगल भवन के निर्माण हेतु बालको प्रबंधन ने मेरे आग्रह पर जमीन उपलब्ध कराई, जिसके लिए बालको प्रबंधन को भी मैं आज धन्यवाद देता हूॅ। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि बालको प्रबंधन के माध्यम से परसाभांठा से ध्यानचंद चौक तक एवं परसाभांठा से तानसेन चौक तक सड़क जीर्णोद्धार व निर्माण कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत काम भी प्रारंभ हो चुका है। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने वहां के निवासियों की

मांग पर दो ओपन जिम निगम द्वारा स्थापित कराए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद से कहा।

<u>मंगल भवन के लिए श्रीमती रेणु अग्रवाल का आभार</u>– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मंगल भवन का निर्माण राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की प्रेरणा पर पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा स्वीकृत देकर कराया गया है। बालको क्षेत्र के निवासियों को एक सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन मिला, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल व पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूॅं। उन्होने आगे कहा कि राज्य सरकार के अधोसंरचना मद से निगम क्षेत्र के विकास के लिए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा निरंतर राशि की स्वीकृति कराई जा रही है, उनका सतत मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, आगे भी उनका आशीर्वाद निगम क्षेत्र के विकास के लिए मिलता रहेगा, यह विश्वास रखता हूॅं। उन्होने आगे कहा कि कोरोना संकट के कारण विकास कार्यो में अवरोध आया है किन्तु अब क्रमशः विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं, निगम के सभी 67 वार्ड विकास से अछूते नहीं रहेंगे, आमजनता की मांग के अनुसार काम होगा, मैं यह विश्वास दिलाता हूॅं।

<u>कोरबा जिले का अद्वितीय मंगल भवन</u>– इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन कोरबा जिले का अद्वितीय मंगल भवन है, यहां पर मंगल भवन बनाने की प्रेरणा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल से मिली तथा पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस कार्य की स्वीकृति देते हुए मंगल भवन का निर्माण कराया, जिसके लिए बहुत–बहुत आभार। उन्होने आगे कहा कि जनता के दिल में बसने वाले राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने सदैव कोरबा को बिना मांगे बहुत कुछ दिया है, जो आज भी जारी है। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर एवं कृपाराम साहू ने भी संबोधित किया तथा मंगल भवन के लिए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल व पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, श्रीमती सपना चौहान, कृपाराम साहू, पार्षद दिनेश सोनी, पुष्पा सोनी, गीता किरण, नर्मदा लहरे, एल्डरमेन एस.मूर्ति, कांग्रेस जिला महिला अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, वरिष्ठ नेता महेश भावनानी, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, सुधीर शर्मा, देवीदयाल सोनी, मनकराम साहू, बद्री किरण, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष एफ.डी.मानिकपुरी, बालको इंटक महामंत्री जयप्रकाश यादव, मीडिया प्रभारी पीयूष पाण्डेय, पंचराम आदित्य, अखिलेश त्रिपाठी, राहुल यादव, मनोज अनंत, पुरूषोत्तम सोनी, दुष्यंत शर्मा, सुजीत सिन्हा, शबीना खातुन, प्रभात डडसेना, अमरकंटक प्रसाद, गुलशन शर्मा, गुड्डू थवाईत, राकेश, पंकज, महेन्द्र थवाईत आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।